लखनऊ, शनिवार
23 दिसंबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 28+4+4=36+8 (टैब)

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पं. बंगाल से प्रकाशित



## आत्मप्रकाश मिश्र को मिला सम्मान

दूरदर्शन के कार्यक्रम अधिशासी आत्मप्रकाश मिश्र को नई दिल्ली में सम्मान किया गया। दिल्ली दूरदर्शन की महानिदेशक सुप्रिया साहू ने सम्मान पत्र दिया। आत्मप्रकाश मिश्र को यह सम्मान उनके द्वारा बनाई गई मुद्रा योजना पर लघु फिल्म के लिए दिया गया है।



## नौ विभूतियों को डीडी यूपी सम्मान 2017

जासं, लखनऊ : दूरदर्शन लखनऊ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नौ विभूतियों को डीडी यूपी सम्मान से नवाजा जाएगा। यह सम्मान विभूतियों को 24 दिसंबर को गन्ना विकास संस्थान के प्रेक्षागृह में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिया जाएगा। दूरदर्शन केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिशासी आत्म प्रकाश मिश्र ने बताया कि सम्मानित होने वाली विभूतियों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य में लखनऊ के डॉक्टर आशुतोष कुमार दुबे, साहित्य में अमेठी के श्रीराम शंकर अवस्थी, ललित कला में महोबा के कालीदीन विश्वकर्मा, संगीत में लखनऊ के डॉ. कन्हैया लाल पाण्डेय, नाटक में लखनऊ के महेश चंद्र देवा, पर्यावरण में लखनऊ के डॉ. भरत राज सिंह, कृषि में बस्ती के राजेंद्र सिंह एवं बालिका शिक्षा में इलाहाबाद की दीप्ति शुक्ला शामिल हैं। वहीं इस वर्ष से प्रारंभ विशेष श्रेणी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड पद्मश्री प्रोफेसर राज बिसारिया को दिया जाएगा।